हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

प्रधान संपादक : डॉ. राजेश शर्मा साप्ताहिक

प्रेरक : स्व. पंडित बालकृष्ण शर्मा

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 12 अंक 38 कांगड़ा। शनिवार, 21 नवंबर -27 नवंबर, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 05 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत् 2083 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 | Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

सीएम सुक्खू का विजन : मैराथन से पर्यटन को नई पहचान, कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के बाद एयरोसिटी का होगा निर्माण



- सीएम बोले, हिमाचल प्रदेश, उत्तर भारत के फेफड़े और वाटर बाउल
- धर्मशाला मैराथन-2026 का विधिवत शुभारंभ, टी-शर्ट व एंथम का विमोचन
- कहा, कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के लिए 2600 करोड़ भूमि अधिग्रहण राशि बांटी
- पालमपुर, चंबा और रक्कड़ में बनेंगे हेलीपोर्ट, जिलों को जोड़ेगी हेली टैक्सी सेवा

राहुल कुमार

हिमाचल प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किए जा रहे धर्मशाला को खेल और पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की कवायद तेज हो गई है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश सरकार का मुख्य फोकस पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मजबूत करना है। इसी उद्देश्य से शिमला विंटर कार्निवल और कांगड़ा वैली कार्निवल की शुरुआत की गई है। पिछले वर्ष धर्मशाला में शुरू किए गए कार्निवल में मैराथन को एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया था। इसी के चलते धर्मशाला मैराथन के लिए अब तक देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ विदेशों से भी करीब 1500 प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। उनका कहना है कि शिवालिक, मध्य और उच्च हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं की प्राकृतिक खूबसूरती से देश-विदेश के पर्यटकों को रूबरू करवाने के लिए इस तरह के बड़े आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। ये बात सीएम सुक्खू ने धर्मशाला में आयोजित धर्मशाला मैराथन-2026 के विधिवत शुभारंभ पर कही। इस मौके पर सीएम ने मैराथन की आधिकारिक टी-शर्ट, मेडल और मैराथन एंथम का भी विमोचन किया।

हिमाचल प्रदेश को उत्तर भारत का लंग्स (फेफड़े) और वाटर बाउल बताते हुए सीएम ने कहा कि राज्य से पांच प्रमुख नदियां निकलती हैं और यहां स्वच्छ हवा व जल संसाधनों की प्रचुरता है। पर्यटन बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए करीब 2600 करोड़ रुपये की भूमि अधिग्रहण राशि वितरित की जा चुकी है और हाईकोर्ट द्वारा इससे जुड़ी याचिका को भी खारिज कर दिया गया है। सीएम सुक्खू ने स्पष्ट किया कि एयरपोर्ट विस्तार के बाद यहां एयरोसिटी विकसित करने का विजन है, जिससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम करने वाले युवाओं को राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के लिए सरकार हेलीपैड के बजाय पूर्ण विकसित हेलीपोर्ट बनाने पर जोर दे रही है। सीएम ने बताया कि पालमपुर में हेलीपोर्ट तैयार हो रहा है, जहां से चंडीगढ़ और शिमला के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की योजना है। इसके अतिरिक्त चंबा और धर्मशाला के रक्कड़ में भी हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इन हेलीपोर्ट्स के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों को जोड़ने के बाद हेली टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को त्वरित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सीएम ने ये भी आश्वस्त किया है कि मैक्लोडगंज के मुख्य मार्ग को जल्द ही दुरुस्त किया जा रहा है। कुछ तकनीकी और स्थानीय समस्याएं हैं, जिनका समाधान होते ही सड़क सुधार का कार्य रफ्तार पकड़ेगा और इसके लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

YouTube देखें वीडियो